आओ मनाएँ दीपावली | By Sunil Sarvottam |

दीप जलाओ मंगल गाओ
आज दीवाली है
श्री गणेश के साथ
माँ लक्ष्मी आने वाली
दीपावली शुभ दीपावली
आओ मनाएँ दीपावली

चौक पुराओ आँगन में
रंगोली भी सजाओ
आमवा के पत्तों की माला
चौखट पे सजाओ
हमने तो पूजा की थाली
भी सजा ली है
श्री गणेश के साथ
माँ लक्ष्मी आने वाली
दीपावली शुभ दीपावली
आओ मनाएँ दीपावली

झिलमिल करती रंग-बिरंगी
लड़ियाँ जलाओ
खिल बतासे और मिठाई
मेवा भी ले आओ
अन्न-धन की खुशियाँ मैया
बरसाने वाली है
श्री गणेश के साथ
माँ लक्ष्मी आने वाली
दीपावली शुभ दीपावली
आओ मनाएँ दीपावली

प्रेम भाव से सभी मनाएँ
ये पावन त्योहार
एक दूजे को भेंट करें हम
प्यारे से उपहार
अँधियारे जीवन में
सुबह होने वाली है
श्री गणेश के साथ
माँ लक्ष्मी आने वाली
दीपावली शुभ दीपावली
आओ मनाएँ दीपावली

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%93-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%8f%e0%a4%81-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-sunil-sarvottam/